तुम्हारे प्यार ने गुरुवर

तुम्हारे प्यार ने गुरुवर हमको तुमसे जोड़ा है
तुम्हारे प्यार के बल पर हमने जग को छोड़ा है

1) तुम्ही से ओ मेरे गुरुवर ये रोशन चाँद सितरे हैं
तुम्ही से चलती है सृष्टि अजब तेरे नज़ारे हैं
हम रहते थे जिस भ्रान्ति में उसे अब तुमने तोड़ा है
तुम्हारे प्यार ने गुरुवर...................................

2) तुम्ही तीर्थ हो मन्दिर हो तुम्ही हो मेरी बंदगी
तुम्ही धड़कन हमारी हो तुम्ही हो मेरी जिंदगी
तेरी करुणा ने ही गुरुवर हुमे खुशियों से जोड़ा है
तुम्हरे प्यार ने गुरुवर....................................

3) तेरा नाम ओ गुरुवर सभी दुखों को हर्ता है
है केवल धन्य वो प्राणि जो तेरा ध्यान धर्ता है
तुम्हारे ज्ञान ने गुरुवर सही दिशा में मोड़ा है
तुम्हारे प्यार ने गुरुवर..............................

4) धरा पर तुमने यूँ आकर बड़ा उपकार किया है
ईश्वर होकर भी तुमने बापु का रूप लिया है
तेरी लीला के वर्णन मैं जो कहूँ वो थोड़ा है
तुम्हारे प्यार ने गुरुवर...................................

5) तेरे चरणों में ओ गुरुवर झुके सारी ये सृष्टि है
भले कहीं भी रहें हम पर तुम्हारी प्रेमदृष्टि है
तुम्हारे नाम की चादर को अब तो हमने ओढ़ा है
तुम्हारे प्यार ने गुरुवर...................................